Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 16 जुलाई, 2020

विश्व सर्प दिवस

विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस (World Snake Day) के रूप में मनाया जाता है। वैश्विक स्तर पर विश्व सर्प दिवस का आयोजन मुख्यतः विश्व भर में पाए जाने वाले सांपों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जाता है। विश्व सर्प दिवस के अवसर पर आम लोगों को इन सरीसृपों और विश्व में इनके योगदान को जानने के लिये प्रेरित किया जाता है। गौरतलब है कि सांप विश्व में मौजूद सबसे पुराने जीवों में से एक माना जाता है और विश्व की अधिकांश सभ्यताओं में इसका उल्लेख देखने को मिलता है। गौरतलब है कि विश्व में सांप की ढेर सारी प्रजातियाँ पाई जाती हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि सांप की केवल कुछ ही प्रजातियाँ है जिनसे हमें सावधान रहने की आवश्यकता होती है। सांप को काफी तीव्र शिकार करने वाले जीव के रूप में जाना जाता है, जिससे यह प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। सांप अपनी विविधता और अपनी बनावट के कारण भी काफी आकर्षक होते हैं। अंटार्कटिका को छोड़कर सभी महाद्वीपों में सांप पाए जाते हैं, ये समुद्र, जंगल, रेगिस्तान और कभी-कभी हमारे निवास स्थानों पर भी देखने को मिलते हैं। वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, और कई अन्य कारकों के कारण सांपों के प्राकृतिक आवास खत्म होते जा रहे हैं, ऐसे में उन्हें जबरन मानवीय स्थानों पर आने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। आवश्यक है कि सामूहिक रूप से सांपों के संरक्षण के लिये प्रयास किये जाएँ।

अशोक लवासा

भारत के मौजूदा चुनाव आयुक्त अशोक लवासा को एशियाई विकास बैंक (Asian Development Bank-ADB) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अशोक लवासा एशियाई विकास बैंक (ADB) के मौजूदा उपाध्यक्ष दिवाकर गुप्ता का स्थान लेंगे, जो कि 31 अगस्त को सेवानिवृत हो रहे हैं। हालाँकि अशोक लवासा ने अभी तक चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा नहीं दिया है, उन्हें कुल 3 वर्षों के लिये ADB के उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। अशोक लवासा 1980 बैच के हरियाणा कैडर के IAS अधिकारी हैं और वे 31 अक्तूबर, 2017 को केंद्रीय वित्त मंत्रालय में वित्त सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्त होने के पश्चात् अशोक लवासा ने 23 जनवरी, 2018 को भारत के चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला था, और उनका कार्यकाल वर्ष 2022 तक चलने वाला था। इससे पहले वर्ष 1973 में मुख्य चुनाव आयुक्त नगेन्द्र सिंह को इस्तीफा देना पड़ा था, क्योंकि उन्हें हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of justice-ICJ) में न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। एशियाई विकास बैंक (ADB) एक क्षेत्रीय विकास बैंक है। इसकी स्थापना 19 दिसंबर, 1966 को हुई थी। ADB का मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में है। वर्तमान में ADB में 68 सदस्य हैं, जिनमें से 49 एशिया-प्रशांत क्षेत्र के हैं।

भारत में निवेश करेगा गूगल

दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल के CEO सुंदर पिचाई (Sundar Pichai) ने भारत में डिजिटल परिवर्तन लाने और ऑनलाइन शिक्षा तथा छोटे व्यवसायों/स्टार्टअप्स का समर्थन करने के लिये आगामी 5-7 वर्षों में भारत में लगभग 10 बिलियन डॉलर अर्थात 75000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है। गूगल के अनुसार, 10 बिलियन डॉलर का यह निवेश मुख्य तौर पर भारत में इंटरनेट तक आसान पहुँच सुनिश्चित करने, प्रत्येक भारतीय को अपनी भाषा में जानकारी प्रदान करने; उपभोक्ता तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए उत्पादों और सेवाओं का निर्माण करने; डिजिटल रूप से परिवर्तन करने के लिये व्यवसायों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम व्यवसायों को सशक्त बनाने; डिजिटल साक्षरता के लिये प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का लाभ उठाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के उद्देश्य से उपयोग किया जाएगा। इससे पूर्व भी गूगल ने विभिन्न माध्यमों से भारत में कई स्टार्टअप्स और उपक्रमों में निवेश किया है। गौरतलब है कि 1 जनवरी, 2010 और 13 जुलाई, 2020 के बीच गूगल ने वैश्विक स्तर पर 900 से अधिक कंपनियों में निवेश किया है।

एनाबिन डेटाबेस

जर्मनी ने भारत के सभी राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थानों (National Institute of Design-NID) को एनाबिन डेटाबेस (Anabin Database) में शामिल कर लिया है, जिसका अर्थ है कि अब राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान (NID) के विद्यार्थी जर्मनी में वर्क परमिट के लिये आसानी से आवेदन कर सकेंगे। गौरतलब है कि जर्मनी ने विदेशी शिक्षा के लिये एक केंद्रीय कार्यालय खोला है, जो जर्मनी में विदेशी योग्यता का मूल्यांकन करने के लिये एकमात्र प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है। इस प्राधिकरण ने अपने कार्य के लिये एनाबिन (Anabin) नामक एक डेटाबेस तैयार किया है जो जर्मन डिप्लोमा और डिग्री के संबंध में विदेशी डिग्रियों और उच्च शिक्षा योग्यताओं को सूचीबद्ध करता है। जर्मनी में विदेशी विश्वविद्यालय-स्तर की योग्यता की पहचान अक्सर जर्मन वर्क वीज़ा, जॉब सीकर्स वीज़ा या जर्मन ब्लू कार्ड हासिल करने के लिये एक आवश्यक शर्त होती है। वीज़ा आवेदन की सफलता अक्सर इस प्रमाण पर निर्भर करती है कि जर्मनी के बाहर अर्जित विश्वविद्यालय-स्तरीय योग्यता को समकक्ष जर्मन की किसी डिप्लोमा अथवा डिग्री के बराबर माना जाता है। भारत में कुल पाँच NID हैं, जिसमें NID अहमदाबाद, NID आंध्र प्रदेश, NID हरियाणा, NID असम और NID मध्य प्रदेश शामिल हैं। गौरतलब है कि NID अहमदाबाद को वर्ष 2015 में एनाबिन डेटाबेस में शामिल किया गया था और शेष चार NIDs को अब डेटाबेस में शामिल कर लिया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-16-july-2020